तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 8 जून 2026

09 विश्व पर्यावरण दिवस पर नेताजी सुभाष कालेज में...



10 खाद-बीज की किल्लत, किसान कांग्रेस का हल्लाबोल



[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]

## खबर संक्षेप

### परसदा में आज सुशासन तिहार, विधायक इंद्रकुमार होंगे शामिल

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत परसदा में आज 8 जून को सुशासन तिहार शिविर का आयोजन होने जा रहा है। जानकारी देते हुए सरपंच रमेश वर्मा ने बताया कि इस सुशासन तिहार में विशेष रूप से विधायक इंद्रकुमार साहू शामिल होंगे। कार्यक्रम में सरकार की महत्वपूर्ण योजना सुशासन शिविर सभी आम जनता का समस्या समाधान केंद्र है समस्या का अनिवार्य रूप से निवारण करने का प्रयास किया जाता है। इस सुशासन शिविर में लगभग 21 ग्राम पंचायत से लोग अपनी समस्या लेकर आएंगे एवं सभी विभाग के अधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में शासकीय मनरेगा मेट टीकू यादव ने बताया कि सुशासन शिविर के दिन चार परिवार को नया मनरेगा जॉब कार्ड वितरण विधायक इंद्रकुमार साहू के हाथों से दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा अरुण तारक को ट्राईसाईकिल दिया जाएगा साथ ही चार परिवारों का नया खाद्यान्न राशन कार्ड वितरण किया जाएगा। शिविर हाई स्कूल प्रांगण परसदा में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा।



### शिव सयुंजस्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव बैठक 10 को

**राजिम।** गुरुसत्ता आध्यात्मिक तंत्र ज्योतिष वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में होने वाले पूर्णिमा महोत्सव को लेकर डॉ. आनंद मतावले के सान्निध्य में 10 जून को दोपहर 3:30 बजे बैठक का आयोजन गुरुधाम श्रीं चंकेश्वरी पीठ श्रीं हरिहरेश्वर महादेव प्रांगण, ग्राम तरीघाट में होगा। बैठक में प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित गुरुसत्ता परिवार के समस्त साधक मौजूद रहेंगे। डॉ. आनंद मतावले के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में गुरु पूर्णिमा महोत्सव की रूपरेखा, आवास, भोजन व्यवस्था, साधक पंजीयन, आध्यात्मिक कार्यक्रमों एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।



### मैनपुर की वंदना राजपूत बनीं प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता

**मैनपुर।** क्षेत्र के ग्राम फुलझर की वदंना राजपूत को प्रदेश कांग्रेस छत्तीसगढ में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। वंदना राजपूत को प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गेन्दू ने वंदना राजपूत को मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया है। आज मैनपुर पहुंचे वंदना राजपूत ने चर्चा में कहा कांग्रेस पार्टी में पूर्व में भी प्रवक्ता रह चुकी है और उन्हें फिर एक बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का उनके द्वारा पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाहन किया जायेगा।



### पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**महासमुंद।** एनएच 353 सुवरमाल मोड़ के पास एक बाइक को पिकअप ने टक्कर मार दिया, जिससे बाइक में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर कोमाखान थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को खेलसिंग निषाद पिता स्व बृजलाल निषाद (29 साल) ग्राम देवरी ने बताया कि वह अपनी बुआ के दशगात्र कार्यक्रम के लिए सामान लेने अपने जीजा राजकुमार निषाद के साथ बाइक से कोमाखान गया थ। सामान लेकर वापस घर जाते समय एनएच 353 रोड सुवरमाल मोड़ क्रास कर अपने साइड में जा रहे थे।

# विधायक रोहित ने अपने जन्मदिन पर समर्थकों से किया पौधारोपण का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

विधायक रोहित साहू अपने जन्मदिवस 9 जून को व्यक्तिगत उत्सव के बजाय जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और लोक कल्याण के संकल्प दिवस के रूप में मनाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं, आमजनों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि वे उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए उनके निवास पर न आएं, बल्कि अपने-अपने गांव, वार्ड एवं मोहल्लों में एक-एक पौधा लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दें। विधायक श्री साहू ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही सबसे बड़ा उपहार होता है। जन्मदिन पर माला, गुलदस्ते एवं स्वागत-सत्कार पर होने वाले खर्च को यदि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगाया जाए तो यह समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए कहीं अधिक उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग संबंधी आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज राष्ट्रहित की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस जैसे संसाधनों का संयमित उपयोग कर प्रत्येक नागरिक देश की आर्थिक मजबूती एवं आत्मनिर्भरता में अपना योगदान दे सकता है।

■ लोक कल्याण के संकल्प दिवस के रूप में मनाएंगे

## विधायक ने कहा- निवास न आएं, अपने गांव-घरों में पौधे लगाएं

### सामाजिक दायित्व पर्व के रूप में मनाएं

विधायक श्री साहू ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि जन्मदिवस को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्व के पर्व के रूप में मनाएं। धर्मनगरी राजिम की पावन धरती से प्रारंभ होने वाला यह अभियान जनभागीदारी, विकास और पर्यावरण चेतना का प्रेरक उदाहरण बनेगा। विधायक की यह पहल जनसेवा, लोककल्याण, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के समन्वित दृष्टिकोण का परिचायक मानी जा रही है।



### जन्मदिवस पर 10 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण होगा

विधायक ने बताया कि 9 जून को राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आमजनों की सहभागिता से व्यापक पौधारोपण अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण एवं शुभारंभ भी किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति और नई दिशा मिलेगी। श्री साहू ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन, समृद्धि, शुद्ध वायु, जल संरक्षण और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के आधार स्तंभ हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों को पौधारोपण से जोड़ लें, तो हरित, स्वच्छ और समृद्ध भारत का सपना साकार हो सकता है।

## कार्यक्रम : लोहरसी, सहसपुर एवं कसेरूडीह में आयोजन

# पंचायत में गूंजी विकास की बात; काम, आवास व जल संरक्षण पर केंद्रित रहा 'रोजगार दिवस'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत हर महीने की 7 तारीख को मनाए जाने वाले 'रोजगार दिवस', 'आवास दिवस' और 'चावल उत्सव दिवस' का रविवार को व्यापक असर देखने को मिला। 7 जून को ग्राम पंचायत लोहरसी, ग्राम पंचायत सहसपुर और आश्रित ग्राम कसेरूडीह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में विकास योजनाओं की जानकारी साझा की गई।

बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया कि लोहरसी, सहसपुर और कसेरूडीह में पिछले पांच महीनों से मांग के अनुसार लगातार मनरेगा के तहत काम दिया जा रहा है। आने वाले मानसून सीजन को देखते हुए बड़े पैमाने पर पौधारोपण की तैयारी है। इसके लिए कार्यस्थलों का चयन कर प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजा जा चुका है, स्वीकृति मिलते ही व्यापक स्तर पर पौधरोपण शुरू किया जाएगा।

**डिजिटल पारदर्शिता और समय पर भुगतान-** मनरेगा श्रमिकों को आश्वस्त किया गया कि उनकी मजदूरी का भुगतान समय पर करने के लिए सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएं तय समय सीमा में पूरी की जा रही हैं। इसके अलावा, पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों की पूरी जानकारी देने वाले क्यूआर कोड की उपयोगिता के बारे में भी श्रमिकों को जागरूक किया गया।

**आवास पूरा करने के लिए हितग्राही हुए जागरूक-** 'आवास दिवस' के मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत, लेकिन किन्हीं कारणों से अपूर्ण या अप्रारंभ पड़े मकानों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित और जागरूक किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में सरपंच लोमश राम साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सोहन लाल साहू, सचिव ओमप्रकाश सिन्हा और रोजगार सहायक देवेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## मनरेगा कार्यों की दी गई जानकारी





### जल संरक्षण के लिए तालाबों और नहरों का कायाकल्प

ग्रामीणों को जल संरक्षण और जल संवर्धन का महत्व समझाते हुए वर्तमान में चल रहे कार्यों की प्रगति बताई गई। ग्राम पंचायत लोहरसी के रवेली बाट स्थित नया तालाब निर्माण, बगीचा के पास नया तालाब निर्माण, मुक्तिधाम तालाब का नवीनीकरण और सिंचाई के लिए छोटी उपनहर का पुनरोद्धार कार्य जारी है। ग्राम पंचायत सहसपुर टेका बाट तालाब का नवीनीकरण और वाटर कोर्स केनाल का पुनरोद्धार कार्य किया जा रहा है। आश्रित ग्राम कसेरूडीह में सरार तालाब के नवीनीकरण का कार्य तेजी से संचालित है।

### 'जलदूत ऐप' पर अपलोड हुआ कुओं का वाटर लेवल

भूजल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम में जल स्तर मापने की लाइव जानकारी दी गई। इसके तहत लोहरसी के दीनदयाल टंडन एवं शत्रुहन लाल डहरिया के कुओं का जल स्तर मापा गया। सहसपुर के परसराम एवं गोविंद राम के कुओं के जल स्तर की माप की गई। इस डेटा को तत्काल जलदूत ऐप पर अपलोड किया गया ताकि भूजल स्तर की सटीक निगरानी की जा सके।

### मोदी की गारंटी और सुशासन से बह रही विकास की गंगा

**गरियाबंद।** जनपद सदस्य कंचन चमन देवांगन ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन तथा विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों से क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे हजारों परिवारों का अपने घर का सपना साकार हो रहा है। कंचन चमन देवांगन ने कहा कि विधायक रोहित साहू के निरंतर प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल रही है और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने महतारी वंदन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना से महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान आई है। आर्थिक सहायता मिलने से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जनपद सदस्य ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित एवं जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

# टमाटर हुआ लाल, सब्जियों में लगी महंगाई की आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम




बाजार में इन दिनों सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। सबसे ज्यादा असर टमाटर के बढ़े हुए दामों ने डाला है। कभी एक-दो रुपये किलो बिकने वाला टमाटर अब 60 रुपये किलो तक पहुंच गया है। टमाटर के बढ़ते दामों ने आम लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। लोग अब मजाक में कहने लगे हैं कि टमाटर खाना अब आम आदमी के बस की बात नहीं रही। केवल टमाटर ही नहीं बल्कि हरी मिर्च भी 80 से 90 रुपये किलो बिक रही है। धनिया पत्ती के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं गोभी, कुंदरू, करेला, कोचई, भिंडी, बैंगन, पत्ता गोभी, मुनगा,भटा,तोरई,मुली ,और अन्य हरी सब्जियों के दामों में भी भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। चेच भाजी और प्याज भाजी जैसी सामान्य सब्जियां भी अब महंगी हो चुकी हैं। रविवार को नवापारा के सब्जी बाजार में खरीदारी करने पहुंचे लोगों का कहना था कि पहले जहां कुछ सौ रुपये में कई दिनों की सब्जी आ ⏭ शेष पेज 8 पर

■ 60 रुपए किलो पर पहुंचा, थाली से होने लगा गायब

# नवापारा का उपाध्याय चौक बना जी का जंजाल, हर पल हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



शहर का सबसे व्यस्त टर्निंग प्वाइंट बना ट्रैफिक अव्यवस्था का केंद्र

रायपुर जिले के बड़े शहर नवापारा में इन दिनों ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। शहर का प्रमुख और सबसे व्यस्त माना जाने वाला पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक अब लोगों के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा है। यह चौक ऐसा टर्निंग प्वाइंट बन चुका है, जहां हर पल दुर्घटना का खतरा मंडराता रहता है। रोजाना सैकड़ों वाहन चालक यहां भ्रमित होते हैं, बहसबाजी होती है और कई बार वाहन आपस में टकराने की नौबत आ जाती है। शहर का यह चौक रायपुर, धमतरी, कुरूद, गरियाबंद,देवभोग और ओड़िशा की ओर जाने वाले मार्गों को जोड़ता है। दिनभर यहाँ भारी वाहनों, बसों, ट्रकों, हाईवा, कारों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। लेकिन चौक की संरचना और ट्रैफिक नियंत्रण की कमी के कारण वाहन चालकों को समझ ही नहीं आता कि सामने वाला वाहन किस दिशा में मुड़ने वाला है। इस चौक में अचानक मुड़ती गाड़ियो से खतरा बढ़ रहा है रायपुर की ओर से आने वाले वाहन गरियाबंद रोड की ओर मुड़ जाता है तो कोई सीधे गंज रोड में दाहिने ओर से प्रवेश कर जाता है। पीछे चल रहे वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर हो जाते हैं। यही स्थिति धमतरी-कुरूद की ओर से आने वाले वाहनों के साथ भी रहती है। गंज रोड से निकलने वाली गाड़ियाँ किस दिशा में जाएंगी, इसका अंदाजा तब तक नहीं लग पाता जब तक चालक इंडिकेटर न दे दे। इसी प्रकार गरियाबंद और ⏭ शेष पेज 8 पर

## राजापड़ाव क्षेत्र के हजारों आदिवासी 10 जून को ग्राम अड़गडी में लेंगे फैसला

# आजादी के 79 साल बाद भी अंधेरे में बफर जोन की 5 पंचायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिला गरियाबंद के सुदूर वनांचल राजापड़ाव क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों ने आज बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया। ग्राम गोना में रविवार को किसान संघर्ष समिति एवं जय अंबेडकरवादी युवा संगठन राजापड़ाव क्षेत्र की विशाल बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 जून बुधवार को ग्राम अड़गडी में हजारों ग्रामीण अपने खून से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर बिजली की गुहार लगाएंगे।

■ आज एसडीएम को सौंपेंगे 17 सूत्रीय मांगपत्र

**बफर जोन के राजापड़ाव क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायत में-** उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन में स्थित राजापड़ाव क्षेत्र के अंतर्गत 8 ग्राम पंचायत और 48 ग्राम-पारा-टोला आते हैं। आजादी के 79 वर्ष बाद भी यहां के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, पुल-पुलिया, शुद्ध पेयजल, सामुदायिक वन संसाधन, व्यक्तिगत वन पट्टा और बिजली के लिए तरस रहे हैं। बैठक में बताया गया कि बड़ी मुश्किल से मात्र 3 ग्राम पंचायतों के मुख्य गांवों में बिजली पहुंची, लेकिन पारा-टोला आज भी छूट गए। 5 ग्राम पंचायतें पूरी तरह अंधेरे में जीवन जीने को मजबूर हैं।



**प्रधानमंत्री को लिखेंगे पत्र-** ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली लगाने की बात आते ही उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व और एनटीसीए से एनओसी का हवाला देकर मामला लटका दिया जाता है। इसी के चलते 10 जून को ग्राम अड़गडी में होने वाली महा बैठक में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी जुटेंगे। अपने खून से प्रधानमंत्री को निवेदन पत्र लिखेंगे कि 5 पंचायत और पारा-टोला में बिजली लगवा दीजिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 जून को ही राजापड़ाव के समीप ग्राम सभा शिलालेख ⏭ शेष पेज 8 पर

# केंद्री यात्री प्रतीक्षालय में लूट अपचारी सहित दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

थाना क्षेत्र में हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी और विधि के साथ संघर्षरत एक बालक को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने ग्राम केंद्री स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक युवक से सोने की चैन और अंगूठियां लूट ली थीं। मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी आकाश कुमार तिवारी 2 मई की रात राजिम से रायपुर लौट रहे थे। रात करीब 12:30 बजे ग्राम केंद्री के बस स्टॉप स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास रुकने के दौरान दो युवक पल्सर मोटरसाइकिल से पहुंचे। पहले उन्होंने ⏭ शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप



### जौदा धान संग्रहण केंद्र के श्रमिकों का पीएफ जमा नहीं?

**नवापारा-राजिम।** धान संग्रहण केंद्र जौदा के 50 से अधिक श्रमिकों ने पीएफ राशि जमा नहीं करने का आरोप लगाया है। नियमों के अनुसार मजदूरों के वेतन से कटौती होने पर निर्धारित समय में पीएफ जमा करना अनिवार्य है। श्रमिकों का कहना है कि पीएम भुगतान की मांग को लेकर पूर्व में हड़ताल की गई थी। उस दौरान ठेकेदार ने लिखित आश्वासन दिया था कि 15 दिनों के भीतर सभी लंबित पीएफ राशि जमा कर दी जाएगी। लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी श्रमिकों को उनका अधिकार नही मिला। इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हुई। श्रमिकों ने बताया कि सोमवार को परसदा सुशासन तिहार में इसकी शिकायत की जाएगी।

### पंचक की तपिश से लोग बेहाल कूलर-पंखे भी हो रहे बेअसर

**गरियाबंद।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पंचक के दौरान बढ़े तापमान और गर्म हवाओं के कारण लोग दिनभर घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। तेज धूप और लू के थपेड़ों से आमजन परेशान हैं। हालात ऐसे हैं कि कूलर और पंखे भी गर्म हवा फेंक रहे हैं, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। बिजली की बढ़ती खपत के बीच लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। बच्चों, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

### समर चेस चैम्पियनशिप में दीपांशु बने विजेता

**महासमुंद।** स्थानीय बचपन प्ले स्कूल द्वारा ब्रिलियंट चेस अकादमी के संयुक्त सहयोग से रविवार को एक दिवसीय समर चेस चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। बौद्धिक प्रतियोगिता में नन्हे शतरंज खिलाड़ियों की बुध्दिमता ने सबको हैरान कर दिया। चैम्पियनशिप बेहद रोमांचक और कड़ी टक्कर वाली रही। कुल 5 राउंड के इस टूर्नामेंट में शीर्ष स्थानों के लिए खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दीपांशु पटले ने अजेय रहते हुए 5 में से 5 मैच जीतकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं आदर्श भोई दूसरे स्थान पर रहे, जबकि सिमरन लुनिया ने तीसरा स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह बच्चों में बुद्धिमत्ता, एकाग्रता, धैर्य और रणनीतिक सोच को विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर बचपन प्ले स्कूल एवं एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर नेहा लूनिया तथा ब्रिलियंट चेस अकादमी के डायरेक्टर संदीप पटले भी मौजूद रहे।

# पूरन लाल बिरसा मुंडा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शिक्षा सागर फाउंडेशन के तहत बिरसा मुंडा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 4 जून को चंपारण में शिवेश शुक्ला जिला मिशन समन्वयक गरियाबंद, शैलेश प्रजापति संस्थापक शिक्षा सागर फाउंडेशन एवं गायत्री मिश्रा नेशनल मोटिवेटर एवं सह संयोजिका के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पहार एवं बैज लगाकर किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों के चयनित शिक्षकों का शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मान किया गया।

## शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला: शुक्ला



### सभी ने किया उत्साहवर्धन

पूरन लाल साहू व्याख्याता ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं,बल्कि उनके विद्यालय के शिक्षकों,विद्यार्थियों,अभिभावकों एवं उन सभी सहयोगियों का सम्मान है, जिन्होंने सदैव उनके मार्गदर्शन और उसका उत्साहवर्धन किया है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा में नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना उनकी प्राथमिकता रही। उनको यह सम्मान मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर,जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला,जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास सिंह,सांख्यिकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर,ए पी सी मनोज केला,विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र बहल,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू,अनिल ध्रुव सहित अन्य ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

जिसके तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में पदस्थ व्याख्याता पूरन लाल साहू को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार,साक्षरता,मद्यपान निषेध कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण,सामाजिक जागरूकता, पौधारोपण,सीड बाल निर्माण,गौरैया संरक्षण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए बिरसा मुंडा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान से श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं। जब किसी शिक्षक को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त होता है तो उससे अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

## नव नियुक्त पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# किसान कांग्रेस ने मैनपुर व देवभोग में संगठन विस्तार को दी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर संगठनात्मक जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा किसानों की समस्याओं को लेकर व्यापक चर्चा की।

मैनपुर में आयोजित कार्यक्रम में किसान कांग्रेस के नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष परमेश्वर नेगी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदूराम यादव सहित कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात देवभोग में आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा की उपस्थिति में किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में अनामो बघेल, महेश्वर बघेल, भूपेंद्र मांझी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में किसान सबसे अधिक परेशान है। किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन की तैयारी शुरू हो चुकी है, लेकिन कई क्षेत्रों में किसानों को आवश्यक कृषि सामग्री के लिए भटकना पड़ रहा है। यह स्थिति चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन उसकी समस्याओं के समाधान की दिशा में अपेक्षित प्रयास नहीं हो रहे हैं। किसान कांग्रेस किसानों की आवाज बनकर उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों से किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानने तथा उनके निराकरण के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने भी संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि किसानों के हितों की रक्षा कांग्रेस की प्राथमिकता रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत बनाने और किसानों के अधिकारों के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा किसानों के हित में संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने किसान हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर भविष्य में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने की बात कही।

# किसान मोर्चा की बैठक में की गई जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा



**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के महत्वपूर्ण बैठक में नवापारा के कार्यकर्ता शामिल हुए। शुभारंभ महापुरुषों के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ,जिला प्रभारी सुरेन्द्र पाटनी एवं जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने किसानों के हितों की रक्षा केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाने तथा संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा किया। सुरेन्द्र पाटनी जिला प्रभारी ने संगठन की मजबुती आगामी जून महीने में होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया किसान मोर्चा किसानो की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करता है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा किसानों के हित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

**इनकी रही मौजूदगी-** बैठक में जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा महामंत्री नारायण यादव यशवंत वर्मा उपाध्यक्ष नवीन वर्मा दुष्यंत साहू मंत्री किशोर साहू प्रवक्ता टीकम साहू योगेश चन्द्राकर विजय सिन्हा सोमेश कान्हा गोस्वामी तोषण साहू रुपेश मनोज साहू निर्मलकर लीलुराम साहु द्विज राम साहू मनीषा सांखरे केयुर भुषण शर्मा नत्थू राम साहू गोपाल साहू जगदीश साहू तिलक साहू परस साहू एव किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# ग्रामसभा में स्वच्छता पर मंथन ग्रामीणों ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत बारूला में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 400 ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सुकदेव राम साहू ने की। ग्राम सभा में सरपंच श्री साहू ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों तथा स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं और इनके प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

ग्राम सभा के उपरांत गांव की खाली भूमि पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण एवं समुचित प्रबंधन का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए, जिससे गांव में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सुकदेव राम साहू, उत्तम सोनवानी, सुनील निर्मलकर, हेमकुमारी ध्रुव, गोपेश सेन, मुकेश्वरी, सुश्री नेहा निर्मलकर, तुलसी साहू, सुश्री नैना निर्मलकर, मुरकान, खेदू, संतोष, बालाराम, सोमीन, तेजबाई, सीता साहू, बीणा साहू एवं दुलारी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे और पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

# जेंजरा के डंगनिया तालाब में गहरीकरण कार्य शुरू सुधरेगा भू-जल स्तर, ग्रामीणों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत जन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेंजरा में स्थित डंगनिया तालाब के संचयन एवं गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस कार्य के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा देने, भू-जल स्तर में सुधार लाने तथा ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

ग्राम पंचायत द्वारा इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रोजगार सहायक मिनेंद्र कुमार साहू ग्रामीणों को योजना की जानकारी देते हुए इसके लाभों से अवगत करा रहे हैं तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं।

तालाब गहरीकरण कार्य ग्राम पंचायत के सरपंच बोधन राम यादव, उपसरपंच प्रमोद कुमार साहू एवं पंचायत के पंचगणों के मार्गदर्शन एवं आदेशानुसार संचालित किया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्षा जल के संरक्षण की दिशा में यह कार्य बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। तालाब की जलधारण क्षमता बढ़ने से आने वाले समय में सिंचाई, पशुपालन तथा दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि डंगनिया तालाब गांव की जीवनरेखा के रूप में कार्य करता है। इसके गहरीकरण और संचयन से न केवल जल संकट की समस्या कम होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भू-जल स्तर भी बेहतर होगा। इससे किसानों को खेती-किसानी में लाभ मिलेगा और गर्मी के मौसम में पानी की उपलब्धता बनी रहेगी। योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों से स्थानीय मजदूरों को रोजगार भी मिल रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है ताकि गांव के प्रत्येक व्यक्ति को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। ग्राम पंचायत जेंजरा ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस जनहितकारी योजना में सक्रिय सहभागिता निभाएं, जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनें तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। पंचायत का मानना है कि जनसहभागिता से ही जल संरक्षण के प्रयास सफल होंगे और गांव को जल समृद्ध बनाने का सपना साकार किया जा सकेगा।

## पेज 7 के शेष...

### टमाटर हुआ लाल...

जाती थी, वहीं अब एक हजार रुपये खर्च करने के बाद भी झोला पूरा नहीं भर पा रहा है। गृहिणियों को रसोई चलाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों ने तो महंगी सब्जियों के कारण चटनी और सलाद तक कम कर दिया है।

**दाम पर नियंत्रण करे प्रशासन-** संजीव सोनी,रजा चांगल,घनश्याम साहू जैसे अनेको लोगों का कहना है कि बाजार में सब्जियों के दामों पर किसी प्रकार का नियंत्रण नजर नहीं आ रहा है। व्यापारी अपनी मनमर्जी से भाव तय कर रहे हैं और आम जनता मजबूरी में महंगे दामों पर सब्जियां खरीदने को विवश है। लगातार बढ़ती महंगाई ने मध्यम और गरीब वर्ग की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सब्जियों की कीमतों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और रसोई का बिगड़ा बजट फिर से संभल सके।

### नवापारा का उपाध्याय...

देवभोग-ओड़िशा की ओर से आने वाले वाहन भी इस चौक पर भ्रम की स्थिति पैदा कर देते हैं। वाहन चालक एक-दूसरे की दिशा समझने में असफल रहते हैं और कई बार मामूली सी चूक बड़े हादसे का कारण बन जाती है। इस चौक में भारी वाहनों को मोड़ने में दिक्कत आती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बड़े ट्रक और भारी वाहन जब इस चौक पर मुड़ते हैं तो पूरा यातायात प्रभावित हो जाता है। कई बार वाहन फँस जाते हैं और जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। यहां पर स्पष्ट ट्रैफिक व्यवस्था नहीं होने के कारण ड्राइवरों को वाहन मोड़ने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। हर दिन विवाद और हादसों की स्थिति बन जाती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस चौक पर रोजाना वाहन चालकों के बीच बहस और कहा सुनी होती रहती है। कभी दो वाहन आपस में टकरा जाते हैं तो कभी ओवरटेक और अचानक कट मारने को लेकर विवाद हो जाता है। यदि समय रहते यहाँ ट्रैफिक सुधार के ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि चौक पर ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती की जाए, स्पष्ट दिशा संकेतक लगाए जाएँ, रोड मार्किंग कराई जाए तथा भारी वाहनों के लिए अलग व्यवस्था बनाई जाए। शहर के सबसे महत्वपूर्ण चौक को व्यवस्थित करना अब प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### आजादी के 79 साल...

स्थापित किया जाएगा।

सुशासन तिहार में पूछे थे 17 सवाल- गौरतलब है कि 29 मई को ग्राम गोना में हुए सुशासन तिहार में क्षेत्रवासियों ने सरकार से 17 बुनियादी मांगों पर सवाल-जवाब किया था। उन मांगों को समय-सीमा में पूरा कराने के लिए 8 जून को एसडीएम मैनपुर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। ग्रामीणों का कहना है कि धरना, प्रदर्शन, आवेदन, पदयात्रा, जनसंवाद सब करके देख लिया। मामला जस का तस है। हजारों लोग आज भी लालटेन युग में जी रहे हैं। अब हम सीधे पीएम को ही खून से चिट्ठी लिखेंगे। **ये रहे उपस्थित-** बैठक में संजय नेताम जिला पंचायत सदस्य,पतंग मरकाम अध्यक्ष जय अंबेडकरवादी युवा संगठन, फूलचंद मरकाम जनपद सदस्य, सुनील मरकाम अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, घनश्याम मरकाम सरपंच शोभा, दीनाचंद मरकाम सरपंच कोचेंगा, शंकर लाल नेताम सरपंच गरहाडीह, नरेश नेताम सरपंच प्रतिनिधि गोना, अजय नेताम पूर्व सरपंच भूतबेड़ा, रमेश नेताम, महेश सूर्यवंशी, रोहन नेताम,रविन्द्र मरकाम, नकुल नागेश, पुरुषोत्तम परदे,हेमलाल नागेश, भगवान यादव, रामदेव मंडावी, नंदलाल नागेश, रमेश मरकाम, जितेंद्र मरकाम, गोवर्धन विश्वकर्मा, मालेश कुमार,राम सिंह नेताम,अरूण कुमार आदि उपस्थित रहे।

### केंद्री यात्री प्रतीक्षालय...

माचिस मांगी और फिर गांजा रखने की बात कहकर युवक से जबरदस्ती करने लगे। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने युवक को यात्री प्रतीक्षालय के पीछे खेत में ले जाकर जान से मारने की धमकी दी तथा उसके गले की सोने की चैन और हाथ में पहनी दो सोने की अंगूठियां लूटकर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला तथा रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन में एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट तथा अभनपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को राखी निवासी धर्मेन्द्र टंडन उर्फ लल्ला उर्फ हटेला के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

# कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केन्द्र में विश्व पर्यावरण दिवस मना

**फिंगेश्वर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र फिंगेश्वर में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमेश ठाकुर, सहायक प्राध्यापक सत्येन्द्र पाटले एवं डॉ. सौरभ पद्मशाली द्वारा किया गया। इस अवसर पर रा.से.यो. के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।



डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा ने छात्रों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। डॉ. ओमेश ठाकुर ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्लास्टिक उपयोग में कमी, जल संरक्षण एवं जैव विविधता संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कैप एवं बैज वितरित किये गए।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खाद की कमी से किसानों की बढ़ी चिंता

**गरियाबंद।** खरीफ सीजन की तैयारी के बीच क्षेत्र में खाद की कमी को लेकर किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल के अध्यक्ष तुलाराम साहू ने किसानों के हित में आवाज उठाते हुए प्रशासन एवं कृषि विभाग से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। तुलाराम साहू ने कहा कि खेती-किसानी का समय नजदीक है, लेकिन कई समितियों में खाद की उपलब्धता को लेकर किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। यदि समय रहते खाद की व्यवस्था नहीं की गई तो किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है और खेती कार्य प्रभावित हो सकता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सहकारी समितियों एवं वितरण केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कालाबाजारी और कृत्रिम कमी पैदा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।
तुलाराम साहू ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए, ताकि समय पर बोवाई एवं कृषि कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### शराब बेच रहे युवक पर की गई कार्रवाई

**महासमुंद।** भलेसर रोड नहर किनारे शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वाले एक युवक पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने के बाद भलेसर रोड नहर किनारे आम पेड़ के पास पहुंचकर पुलिस ने आरोपी विकास कुमार सूर्या पिता चीकू कुमार सूर्या (21 साल) निवासी वार्ड नं 09 छिपियापारा महासमुंद के कब्जे से 23 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3040 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

**दिवस : ग्रीन आर्मी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित की चित्रकला और रंगोली स्पर्धा**

# बच्चों ने कागजों- जमीन पर उकेरे पर्यावरण संरक्षण के संदेश, मारुति और हिमांशु रहे प्रतियोगिता में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जागरुकता को बढ़ावा देने हेतु चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ, सुंदर एवं हरित पर्यावरण था। बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। कार्यक्रम नगर में पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर कार्य कर रही महिला संगठन ग्रीन आर्मी के सतत प्रयासों से आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ,रमेश तिवारी ,एस.आर.सोन ,बुद्धेश्वर वर्मा ,शिव तिवारी ,केशरलता मिश्रा ,योगिता सिन्हा ,वर्षा मिश्रा ,संजय शर्मा ,हर्षा कंसारी ,सुरेन्द्र साहू ,रमेश सोनसायटी ,ऋषि सेन का विशेष सहयोग रहा। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें प्रथम पुरस्कार 501, द्वितीय पुरस्कार 301 एवं तृतीय पुरस्कार 101 रखा गया। साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप मिट्टी का गुल्लक भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सरोज कंसारी द्वारा किया गया। ग्रीन आर्मी की अध्यक्ष रेणुका तिवारी ने सभी अतिथियों, सहयोगियों, प्रतिभागी बच्चों एवं पालकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।



**गुल्लक भेंट कर बचत करने की दी सीख-** इस अवसर पर ग्रीन आर्मी की अध्यक्ष रेणुका तिवारी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इस गुल्लक में अपनी पॉकेट मनी की बचत करें। अगले विश्व पर्यावरण दिवस पर इसे लेकर आएं। जिस बच्चे की बचत सबसे अधिक होगी, उसे ग्रीन आर्मी द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय हरिहर विद्यालय की प्राचार्य दानी मैडम जी रहीं। उन्होंने अपने प्रेरणादायक में भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्रीन आर्मी की पूरी टीम अंजू अग्रवाल ,गोपेश्वरी साहू, दुर्गेश सोनी, पिंकी देवांगन, रंजीता साहू, मीरा साहू, मंजू साहू, तिलिस्मा साहू, डिलन कावले, वंदना साहू एवं देवकी साहू - का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में पूनम सांखला एवं पूजा शायरानी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्णय प्रदान किया।

**ये रहे विजेता-** चित्रकला प्रतियोगिता (जूनियर वर्ग) प्रथम स्थान मारुति साहू, द्वितीय स्थान तनिशा कंवर, तृतीय स्थान निश्चय यादव, चित्रकला प्रतियोगिता (सीनियर वर्ग)प्रथम स्थान हिमांशु चक्रधारी, द्वितीय स्थान वैष्णवी साहू, तृतीय स्थान नीतीश साहू रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिठी साहू,द्वितीय स्थान सोनाली सोनी,तृतीय स्थान पूर्वी साहू रहीं।

**अतिथियों को पौधे किया भेंट-** कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का पौध भेंट कर सम्मान किया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को व्यवहार में उतारते हुए पूरे आयोजन में सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्ण बहिष्कार किया गया। ग्रीन आर्मी टीम द्वारा स्वयं पत्तों के दोना-पत्तल तैयार किए गए। अतिथियों, प्रतिभागी बच्चों एवं पालकों को फल-सलाद एवं जूस का स्वल्पाहार कराया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नेताजी सुभाष कालेज में पौधारोपण

**नवापारा-राजिम।** नेताजी सुभाष कालेज द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेडक्रास संगठन ईकाई के तत्वावधान में थीम एक पेड़ मां के नाम पर महाविद्यालय में सघन पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग विभिन्न किस्मों के 50 पौधे छात्रों एवं महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा रोपित किये गये। छात्र छात्राओं ने पौधों के संरक्षण संकल्प लिया। पारिस्थितिक तंत्र को बहाल करने के लिए अधिक पौधे लगाना पेड़ों को काटने से बचे, प्लास्टिक का उपयोग करने से बचे, बाहरी



प्रजातियों को हटाना, मिट्टी एवं जलसंरक्षण, जन्म एवं शादियों में पौधे लगाना देखभाल करना एवं कटाई ना करना। कार्यक्रम में जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहू, सोमेश पाण्डे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. आशीष दीवान, डॉ. विनय यादव, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. त्रिवेणी साहू, ओमप्रकाश साहू, कु. लक्ष्मी, कु. कलेश्वरी नेताम एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राए सम्मिलित हुए। यह जानकारी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशीष दीवान ने दी।

## कोपेकसा में जनजातीय परंपराओं के बीच मनाया गया पर्यावरण दिवस



**रसेला।** नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत कोपेकसा में जल संचय, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन विषय पर एक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का उद्देश्य जल संकट के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना तथा सामुदायिक सहभागिता से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में ठोस पहल करना था। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर हरित पंचायत, हरित स्कूल एवं हरित ग्राम की अवधारणा प्रस्तुत की गई, जिसके माध्यम से ग्राम स्तर पर पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन एवं स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम पूर्णतः जनजातीय संस्कृति एवं स्थानीय परंपराओं पर आधारित तथा प्लास्टिक मुक्त एवं इको-फ्रेंडली स्वरूप में आयोजित किया गया। पूरे गांव को गोबर से लिपाई-पुताई कर आकर्षक रूप से सजाया गया। स्थानीय भुंजिया जनजाति द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया तथा जल संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन के लिए विशेष पूजा-अर्चना संपन्न की गई। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोगी संस्था एसोर्ड एनजीओ द्वारा जल बजट, रिसोर्स मैपिंग तथा जल संरक्षण के विभिन्न उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, सोख्ता गड्ढा निर्माण, तालाब गहरीकरण, वाटरशेड प्रबंधन, भू-जल पुनर्भरण तथा पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। साथ ही ग्राम स्तर पर जल बजट तैयार करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया।



प्रस्तुति : उत्कर्ष शर्मा, रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला - गरियाबंद, मो. 9752106022

## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ के चुनाव में विधायक पैनल का दबदबा



**अभनपुर।** जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव परिणामों में विधायक इंद्रकुमार साहू समर्थित पैनल का दबदबा देखने को मिला। अध्यक्ष सहित सभी प्रमुख पदों पर पैनल प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर संगठन में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। अध्यक्ष पद पर हीरामण साहू ने 115 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उपाध्यक्ष (पुरुष) पद पर तोषण साहू, उपाध्यक्ष (महिला) पद पर धनमती साहू, संगठन सचिव (पुरुष) पद पर योगेश साहू तथा संगठन सचिव (महिला) पद पर सरस्वती साहू विजयी रहीं। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया। विजयी प्रत्याशियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि यह जीत पूरे साहू समाज की जीत है। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों से शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवा नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। चुनाव के बाद समाजजनों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखते हुए उसे और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### मैनपुर के मुक्तिधामों की हालत बदतर, न सड़क, और न पानी



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में कहने को तो दो मुक्तिधाम है, एक नदीपारा जो नदी किनारे स्थित है और यह मुक्तिधाम में शेड निर्माण किया जा चुका है, लेकिन यहां सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है। सड़क नहीं है और तो और एक हैण्डपंप तक नहीं है, जिसके कारण शव यात्र में पहुंचने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है। कई बार इस मामले की शिकायत स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक सुविधा उपलब्ध कराने कोई प्रयास नहीं किया गया और तो और एक मुक्तिधाम जो हायर सेकण्डरी स्कूल के पीछे हैं। वह चारों तरफ से घेरा हो गया है और गंदगी कीचड़ तथा कचरों के चलते यहां भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी परिसर में ईसाई समाज का कब्रिस्तान भी है, जिसकी भी सफाई की मांग पिछले दिनों ईसाई समाज द्वारा आवेदन देकर की गयी थी।

### पांच दिवसीय नाचा गम्मत विधा पर कार्यशाला 17 से

**नर्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के पारंपरिक लोक विधा छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल धरोहरों में से एक नाचा गम्मत (लोक नाट्य) के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के उद्देश्य से अनुराग साहित्य एवं कला संस्था कुरूद (कठौली) एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के सहयोग से पांच दिवसीय नाचा गम्मत कार्यशाला का आयोजन धमतरी जिले के कठौली में किया जा रहा है। जिसमें नाचा गम्मत विधा के अनेक पहलुओं को प्रशिक्षण के माध्यम से परीक्षार्थियों को प्रशिक्षित करेंगे। साथ ही नाचा गम्मत विधा द्वारा स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ में सामाजिक जागरूकता लाने कार्य सामाजिक जनचेतना लाने का कार्य, सामाजिक कुरीतियां मिटाने का कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, अंधविश्वास, नशा उन्मूलन पर आधारित नाटकों, हास्य व्यंग्य एवं उनके चुटीले संवादों के माध्यम से लोगों को प्रेरित करने जैसे कलाओं को प्रशिक्षण में सुनियोजित ढंग से प्रशिक्षु अजय उमरे, कामता साहू, परमेश्वर बर्रा द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने बताया कि यह आयोजन निःशुल्क है।

# भीषण गर्मी में राहत पाने के लिए बढ़ी मिट्टी के घड़ों की मांग

## क्षेत्र में पड़ रही तेज गर्मी से जनजीवन हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

क्षेत्र के नदीपारा में मिट्टी के बनाये जाने वाले घड़े काफी प्रसिध्द माना जाता है। यहां के घड़े में रखा पानी भीषण गर्मी के दिनों में भी काफी ठंडा व शीतलता प्रदान करता है। इस भीषण गर्मी के साथ ही देशी फ्रिज मटको की मांग बढ़ गई है और मैनपुर में इन दिनों मटका खरीदने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय प्रमुख बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। बढ़ते तापमान का असर आम लोगों के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कई दुकानदार गर्मी और ग्राहकों की कम आवाजाही के कारण दोपहर में कुछ समय के लिए अपने प्रतिष्ठानों के शटर आधे बंद रखने मजबूर हैं। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। पुरुष सिर पर गमछा या टोपी बांधकर निकल रहे हैं। वहीं महिलाएं भी धूप से बचने के लिए सिर और चेहरे को ढंककर बाहर निकल रही हैं। गर्मी के बीच मिट्टी के घड़ों की मांग में अचानक तेजी आई है। आधुनिक रेफ्रिजरेटर उपलब्ध होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग प्राकृतिक रूप से ठंडा और स्वास्थ्यवर्धक पानी पीने के लिए मिट्टी के घड़ों का उपयोग कर रहे हैं। यही वजह है कि नदीपारा कुम्हारपारा में इन दिनों घड़े खरीदने वालों की भीड़ देखी जा रही है। मिट्टी के घड़े बेचने वाली परमिला पांड़े, जोगनी पांड़े उकिया बाई पांड़े बताती हैं कि तापमान बढ़ने के साथ घड़ों की बिक्री लगातार बढ़ रही है लोग खासतौर पर ऐसे घड़े मांग रहे हैं जिनमें पानी लंबे समय तक ठंडा हैं।



### पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए बेहतर विकल्प

विशेषज्ञों के मुताबिक मिट्टी के घड़े में रखा पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है और यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है मिट्टी की प्राकृतिक संरचना पानी को संतुलित तापमान पर बनाए रखती है, जिससे शरीर को राहत मिलती है बिजली की खपत नहीं होने और कम लागत के कारण लोग एक बार फिर पारंपरिक देसी फ्रिज की ओर लौट रहे हैं। इससे स्थानीय कुम्हारों को भी रोजगार और आय का बेहतर अवसर मिल रहा है।

## मांग : नहीं तो आसपास के मकानों को पहुंचेगी भारी क्षति, कौन होगा जिम्मेदार?

# बारिश से पूर्व क्षतिग्रस्त स्टाप डेम की मरम्मत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर की नदी में सिंचाई विभाग द्वारा दो दशक पहले लाखों रूपये की लागत से स्टाप डेम का निर्माण किया गया है, लेकिन स्टाप डेम का नीचले हिस्सा बारिश के पानी में टूटकर बह गया और अपने साथ किनारे में लगे हैण्डपंप को भी उखाड़ डाला है। जिससे पेयजल की गंभीर समस्या मोहल्ले में उत्पन्न हो गई है। ज्ञात हो कि पिछले 4-5 वर्षों से मैनपुर नगर के नदी में बने स्टाप डेम धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होकर टुट गया और स्टाप डेम के क्षतिग्रस्त होने से बरसात के दिनों में बारिश का पानी का बहाव इतना तेज हो जाता है कि यह पुरा मोहल्ला पानी में भर जाता है। घरों के भीतर पानी घुस जाता है, पिछले दो तीन वर्ष पूर्व तो रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर कुछ ग्रामीणों को घरों से बाहर सुरक्षित निकाला गया था, कई बार नगर के लोगों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से इस टूट चुके स्टाप डेम की मरम्मत करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा इसकी मरम्मत तो दुर, अब तक इस ओर झांक कर देखना भी पंसद नहीं किया है, जिसके चलते लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। अभी गर्मी के दिनों में इस क्षतिग्रस्त स्टाप डेम का मरम्मत किया जाना बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि यदि मरम्मत नहीं की तो आने वाले बारिश के दिनों में स्टाप डेम के आसपास के मकानों को भारी क्षति पहुंचने की संभावना है।







### प्रपोजन बनाकर भेजे हैं

नदी किनारे तटबंध निर्माण के लिए प्रपोजल बनाकर भेजा गया है। स्वीकृति होते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा।
**-कपिल नायक**, कार्यक्रम अधिकारी, जनपद पंचायत मैनपुर

### बारिश होते ही रातभर नहीं सो पाते मोहल्लेवासी दहशत में गुजरती है रात

स्टाप डेम मोहल्ले के लोगों को बारिश के दिनो में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षतिग्रस्त स्टाप डेम का मरम्मत नहीं करने के कारण पानी का बहाव मकानो में टकराता है और अत्यधिक बारिश होने पर मोहल्ले के घरो में पानी भर जाता है दहशत में रात गुजरती है। जोरदार बारिश होने पर रात भर मोहल्लेवासियों को रतजगा करना पडता है, इस मामले को लेकर मैनपुर के लोगों ने गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर को मांग पत्र सौंपकर क्षतिग्रस्त स्टाप डेम की मरम्मत कराने की मांग की थी, तब तत्कालीन कलेक्टर दिपक अग्रवाल ने स्टाप डेम मोहल्ले का निरीक्षण कर सिंचाई विभाग को तत्काल क्षतिग्रस्त स्टाप डेम मरम्मत कराने के साथ ही केनाल की सफाई कराने का निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्य नहीं हुआ। मोहल्ले के लोगों ने कहा तत्काल इस टुट चुके क्षतिग्रस्त स्टाप डेम की मरम्मत करावाई जाए, नहीं तो आने वाले बारिश के दिनों में बड़ी गंभीर दुर्घटना घटने की अंदेशा बनी हुई है। स्टाप डेम पिछले 3-4 वर्ष के बारिश में कटाव बढ़ने के कारण स्टाप डेम के किनारे हैंडपंप भी बह गया बारिश मे स्टाप डेम के दोनों तरफ के पिल्हर पूरी तरह टूट गया और स्टाप डेम का निचला हिस्सा टूटकर बह गया इसके साथ ही स्टाप डेम के किनारे मोहल्ले का एक मात्र हैण्डपंप भी उखड़ गया है।

### नदी का बहाव तेज होने के कारण कटाव बड़ता जा रहा है

हर वर्ष बारिश में अब नदी किनारे का कटाव बढ़ता रहा है कई बार जनपद स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों को आवेदन निवेदन कर मोहल्लेवासी थक चुके हैं। अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। हुलार ठाकुर, धनसाय बाम्बोड़े, अमन बाम्बोड़े, गोपी नागेश, जगदीश नागेश, भूपेन्द्र पाड़े व मोहल्ले के लोगों ने बताया कई बार शिकायत की गई, पहले इसे सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया था अब जब स्टॉप डेम टूट गया तो सिंचाई विभाग कहता है हमारा नहीं है तो वहीं जनपद वाले कहते हैं यह सिंचाई विभाग का मामला है। मामला किसी भी विभाग का हो इसे आमजनता को कोई लेना देना नहीं है। बारिश के तेज बहाव के कारण कटाव बढ़ता जा रहा है और नदी किनारे घरो को हर वर्श भारी नुकसान पहुंच रहा है। बारिश से पहले इसका समाधान किया जाना चाहिए अन्यथा मोहल्लेवासी आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### पंचक के आखिरी दिन भी सबसे ज्यादा बरसी आग

**राजिम।** नौतपा खत्म होने के बाद भी गर्मी का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दो जून को नौतपा समाप्त हो गया था और रविवार सात जून को पांच दिनों से चल रहा पंचक भी समाप्त हो गया, लेकिन इसके बावजूद आसमान से मानो आग बरसती रही। पूरे दिन तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल किए रखा। सुबह से ही सूर्यदेव के तेवर इतने तीखे रहे कि सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर के समय शहर और ग्रामीण इलाकों में वातावरण पूरी तरह तपता नजर आया। इस वर्ष की गर्मी को लेकर समाजसेवी कैलाश शुक्ला का कहना है कि उन्होंने पहले कभी इतनी विकराल गर्मी महसूस नहीं की। आमजन, व्यापारी, मजदूर, किसान और नौकरीपेशा लोग सभी इस भीषण तापमान से परेशान रहे। इस बार गर्मी ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। घरों के भीतर भी राहत नहीं मिल रही है, पंखे और कूलर भी गर्म हवा फेंकते नजर आए। श्री शुक्ला ने कहा कि सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बाहर काम करने वाले लोगों को उठानी पड़ी। तेज धूप और लू के कारण दोपहर के समय बाजारों में भी सन्नाटा देखने को मिला। आवश्यक काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। कई स्थानों पर लोग पेड़ों की छांव और ठंडे पानी की तलाश करते नजर आए। गर्मी के कारण लोगों की दिनचर्या भी पूरी तरह प्रभावित हुई। लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। अब लोगों की निगाहें मानसून पर टिकी हुई हैं। हर कोई बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहा है ताकि इस भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

# सुशासन तिहार में विधायक ध्रुव ने सीएम साय के समक्ष रखी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सुशासन तिहार के तहत संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर, राजापड़ाव, गौरगांव, इंदागांव, उरमाल, अमलीपदर, गोहरापदर एवं देवभोग क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से उठाकर समस्या समाधान करने की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। बिन्द्रानगवाढ विधायक जनक ध्रुव ने बताया कि संभाग स्तरीय बैठक मे उन्होने मैनपुर देवभोग एवं अमलीपदर क्षेत्र के शासकीय अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाओं के साथ पर्याप्त डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग की है। विधायक ने बताया आज भी इस क्षेत्र के लोग पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में ओड़िसा और रायपुर इलाज कराने जाने मजबूर हो रहे हैं, जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द ही सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर नियुक्त करने का आश्वासन दिया है। मैनपुर क्षेत्र के वर्षों पुरानी सलफ जलाशय मांग जिसमें 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका जो अब तक पूरा नहीं हुआ है, उसे पूरा करने के साथ ही राजापड़ाव गौरगाव एवं उदंती अभ्यारण के गांवों में बिजली लगाने की मांग की है, इसके अलावा बरही क्षेत्र में 14 करोड़ रूपए के नहर नाली निर्माण की मांग की है, इसके निर्माण होने से क्षेत्र के सात पंचायतों के सैकड़ों किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं स्कूलों में शिक्षक की मांग के साथ ही क्षेत्र के बुनियादी समस्याओं सड़क, अस्पताल, बिजली, पेयजल जैसे समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।



डॉक्टरों की कमी और बिजली-पानी पर मांगा समाधान

# खाद-बीज की किल्लत, किसान कांग्रेस का हल्लाबोल

## किसान कांग्रेस ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा की सरकार किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध नहीं करा पा रही है, सिर्फ सरकारी स्तर पर खाद बीज पर्याप्त होने का दावा किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर किसान खाद बीज के लिए भटक रहे हैं। किसानों की समस्याओं को लेकर उग्र आंदोलन किया जायेगा। उक्त बातें मैनपुर पहुंचे किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बाल मुकुंद मिश्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। मैनपुर पहुंचने पर जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा का आत्मीयता से स्वागत किया गया, पश्चात बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल मुकुंद मिश्रा ने बताया गरियाबंद जिले के मैनपुर से पारेश्वर नेगी, अमलीपदर ने लीलाधर साहू, देवभोग से अनामो बघेल, फिंगेंवर से ठाकुर राम यादव, छुरा से बुड़ान सिंह ठाकुर एवं गरियाबंद से छबिराम नेताम को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस द्वारा लगातार लोगों की समस्याओं को लेकर जन आंदोलन किया जा रहा है। छत्तीसगढ एवं केन्द्र के भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। आज खरीफ फसल की तैयारी प्रारंभ हो गया है, लेकिन सरकार किसानों को खाद बीज पर्याप्त मात्र में उपलब्ध नहीं करा पा रही है। मजबूरन किसान खुले बाजार में अधिक कीमत पर खरीदने मजबूर हो रहे हैं। किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंन्दू यादव, किसान कांग्रेस अध्यक्ष पारेश्वर नेगी, रामभरोसा, पवन जगत, लिकेंश यादव, डोमार साहू, खेलन दिवान, खेलन साहू, लोकेश सांडे, भानु सिन्हा, डिगेश्वरी सांडे, प्रियंका कपिल, इम्तियाज मेमन, तनवीर राजपूत, दुलेन्द्र नेगी, श्याम लाल ध्रुव, दयाराम यादव, बंशी यादव, सुखराम सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खाद-बीज संकट पर किसान कांग्रेस का फूटा गुस्सा

**छुरा।** छत्तीसगढ प्रदेश किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने प्रदेश में किसानों को खाद बीज समय पर नहीं मिल रहा है, मुख्यमंत्री जी के नाम पर 9 बिंदुओं में ज्ञापन सौंपा है, ताकि किसानों पर समय पर खाद उपलब्ध हो सके। इसके बावजूद भी अगर समस्या यथावत रही तो विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लाखों छोटे और सीमांत किसानों की उस मर्मस्पर्शी और बदहाल स्थिति की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती है, जिससे वे वर्तमान प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के कारण जूझ रहे हैं। आज मैदानी स्थिति यह है कि हमारा छोटा-बड़ा हर वर्ग का किसान सुबह घर से एक उम्मीद लेकर सोसायटियों और बाजारों की तरफ निकलता है, कि शायद उसे आज खेती के लिए डीएपी खाद या ट्रैक्टर के लिए डीजल मिल जाएगा। परंतु दुर्भाग्य से शाम तक उसके हाथ में सिर्फ लंबी लाइनें, धक्के, प्रशासनिक बहाने और भारी मजबूरी ही लगती है। इस अन्नदाता की मेहनत से मंडियां भरती हैं, आज वही खाद के एक-एक कट्टे के लिए तरस रहा है।



बड़े और रसूखदार लोग अपनी पहचान के बल पर अपनी पूरी व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन आम और गरीब किसान पूरी तरह बेबस हो चुका है। मंत्रियों का स्वागत करने, बड़े-बड़े राजनीतिक भाषण देने और फोटो खिंचवाने की राजनीति से परे अब हमें धरातल पर उतरना होगा, क्योंकि केवल स्वागत-सत्कार से किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। जब भाषण देना होता है तो बड़े वादे किए जाते हैं, पर जब जमीनी स्तर पर किसान खाद, बीज और डीजल के लिए रोता है, तब पूरी प्रशासनिक व्यवस्था मौन हो जाती है। अतः जिले के अन्नदाताओं के इसी गहरे दर्द और आक्रोश को संज्ञान में लेते हुए, किसान कांग्रेस की जिला इकाई की ओर से आपके समक्ष निम्नलिखित 9 सूत्रीय मांगें त्वरित निराकरण हेतु प्रस्तुत की जा रही हैं। प्रति एकड़ खाद की कटौती का तुगलकी फरमान तुरंत वापस हो, शासन द्वारा आगामी खरीफ सीजन के लिए प्रति एकड़ 1 बोरी खाद की पात्रता का जो नियम तय किया गया है, वह पूरी तरह से अव्यावहारिक और किसान विरोधी है। संगठन मांग करता है कि इस तुगलकी फरमान को तत्काल निरस्त किया जाए और किसानों को उनकी भूमि व फसल की वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। तीन बार में खाद' देने की अव्यावहारिक नीति बंद हो, छोटे-बड़े सभी किसानों को एकमुश्त खाद मिले
वर्तमान में जिनके पास 5 एकड़ से अधिक खेत है, उन्हें खाद तीन बार (तीन किश्तों) में देने का अव्यावहारिक नियम बनाया गया है। कोई भी किसान बार-बार खेती का काम छोड़कर सोसायटियों के चक्कर नहीं काट सकता। हमारी स्पष्ट मांग है कि चाहे छोटा किसान हो या बड़ा किसान, सभी को उनकी आवश्यकता की पूरी खाद एक बार में (एकमुश्त) ही प्रदान की जाए और 'सुपर फ्लॉप' टोकन व्यवस्था को तुरंत बंद किया जाए। जितनी आवश्यकता, उतना खाद-बीज का अधिकार किसान को मिले पूर्व की व्यवस्था की भांति किसानों को अपनी जरूरत के अनुसार खाद और बीज सोसायटियों से प्राप्त करने की पूर्ण स्वतंत्रता होनी चाहिए।

## कृषि विभाग ने किसानों को सिखाए हरी खाद के गुर

# रासायनिक खाद का बेहतरीन विकल्प है 'ढैंचा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

कृषि विभाग द्वारा किसानों को हरी खाद के महत्व के प्रति जागरूक करने एवं मृदा स्वास्थ्य सुधार को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम ग्राम पंचायत बिजली में शुक्रवार को किये। कार्यक्रम के तहत ढैंचा का उपयोगी खाद का निर्माण पर फोकस था। वहीं वर्तमान में खाद का बेहतर विकल्प यही है। आयोजन में जनपद सभापति फिंगेश्वर व समृद्धि कृषक नंदू यादव, पंचायत प्रतिनिधि, किसान एवं कृषि विभाग फिंगेश्वर परिक्षेत्र परियोजना अधिकारी के आर वर्मा,आर ई ओ हरिशंकर सुमेर की विशेष उपस्थिति थी। अधिकारी के आर वर्मा ने किसानों को समझाया कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति एवं जैविक कार्बन में लगातार कमी आ रही है। ऐसे में ढैंचा हरी खाद के रूप में किसानों के लिए एक सस्ता, प्रभावी एवं पर्यावरण अनुकूल विकल्प है।



ढैंचा एक तीव्र वृद्धि वाली दलहनी फसल है, जिसे खेत में हरी अवस्था में पलटकर मिट्टी में मिला दिया जाता है। यह फसल 45 से 50 दिनों में तैयार हो जाती है तथा मिट्टी में मिलाने के बाद शीघ्र सड़कर बहुमूल्य पोषक तत्व उपलब्ध कराती है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार एक हेक्टेयर क्षेत्र में उगाई गई ढैंचा फसल से लगभग 80 से 100 किलोग्राम नाइट्रोजन, 15 से 20 किलोग्राम फॉस्फोरस, 20 से 30 किलोग्राम पोटाश, 5 से 10 किलोग्राम सल्फर, 10 से 20 किलोग्राम कैल्शियम तथा 5 से 10 किलोग्राम मैग्नीशियम मिट्टी को प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त लगभग 4 से 5 टन जैविक पदार्थ मिट्टी में मिलकर उसकी संरचना एवं गुणवत्ता में सुधार करता है। आर ई ओ हरिशंकर सुमेर ने कहा ढैंचा की जड़ों में उपस्थित राइजोबियम जीवाणु वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण कर मिट्टी में उपलब्ध कराते हैं, जिससे अगली फसल को भरपूर लाभ मिलता है। हरी खाद के उपयोग से मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है, लाभकारी सूक्ष्मजीवों की संख्या में वृद्धि होती है, जड़ों का विकास बेहतर होता है तथा फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में सुधार होता है। साथ ही रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होने से खेती की लागत में भी कमी आती है।

किसानों को हरी खाद अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कृषि विभाग द्वारा 8 किलोग्राम ढैंचा बीज एवं 4 किलोग्राम मूंग बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक कृषक अपने खेतों में हरी खाद के रूप में ढैंचा अथवा मूंग की फसल लगाकर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

जो कृषक हरी खाद कार्यक्रम से जुड़ना चाहते हैं, वे अपने नजदीकी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड फिंगेश्वर से संपर्क कर बीज एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।